# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (30.01.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 30.01.2025, PAGE-06**




बुधवार को विवि के रसियन विभाग में हुए सेमिनार में शामिल अतिथि।

# नेहरू के समय से भारत-रूस में सांस्कृतिक संबंध : प्रो. इंदिरा

- विवि के रसियन विभाग में कार्यशाला हुई आयोजित
- रूस से आये वक्ताओं ने भारत-रूस संबंध पर की चर्चा

मुजफ्फरपुर, प्रसं.। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के रसियन विभाग में बुधवार से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्याशाला की शुरुआत हुई। यह कार्यशाला 31 जनवरी तक चलेगी। यह रूसी संस्कृति और भाषा पर केंद्रित है। इसमें विद्यार्थियों को रूस की भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक पहलुओं से परिचित कराया गया। कार्यक्रम में विवि के हिंदी और रूसी विभाग के छात्रों ने भाग लिया और अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में समा बांधा।

कार्यशाला में रूस के रूसी स्टेट यूनिवर्सिटी फॉर ह्यूमैनिटीज, मॉस्को से आईं प्रो. इंदिरा गाजिएवा और प्रो. अलेक्जेंडर स्टोयारोव ने विद्यार्थियों से संवाद किया और रूसी संस्कृति की विविधताओं पर विस्तृत चर्चा की। प्रो. इंदिरा ने भारत-रूस संबंधों पर चर्चा करते हुए बताया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय से भारत-रूस में सांस्कृतिक संबंध रहा है। जब पं. नेहरू पहली बार रूस गए थे, तब वहां के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया था। कहा कि रूस में राज कपूर और 'मेरा जूता है जापानी' गाने को विशेष रूप से पसंद किया जाता है। उन्होंने यह भी साझा किया कि वे वहां के बच्चों को हिंदी भाषा पढ़ाती हैं।

उन्होंने रूसी भाषा में एक कविता भी प्रस्तुत की, जिसका हिंदी अनुवाद डॉ. उज्जवल आलोक ने किया। कार्यक्रम में रूसी विभाग के प्रोफेसर डॉ. दिव्यम ने कहा कि इस कार्यशाला से विवि के छात्रों को भविष्य में कई नए अवसर प्राप्त होंगे। डॉ. सुषमा कुमारी ने कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान विद्यार्थी श्रेया, जूही, प्रतिभा, मनतशा, अनामिका, सत्यम, साकिब ने रूसी में कविता का पाठ किया।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE: 30.01.2025, PAGE-02


## रूस में आज भी पसंद करते हैं राज कपूर का गीत 'मेरा जूता है जापानी'



रूसी विभाग में अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में मौजूद अतिथि। ● सौ. विभाग

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी रूसी विभाग में बुधवार को तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इसमें रूसी स्टेट यूनिवर्सिटी फार ह्यूमैनिटीज मास्को से आए प्रो. इंदिरा गाजिएवा और प्रो. अलेक्जेंडर स्टोयारोव ने विद्यार्थियों से संवाद किया और रूसी संस्कृति की विविधताओं पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग और रूसी विभाग के छात्रों ने भाग लिया और अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

**एमओयू पर हुई चर्चा :** प्रो. इंदिरा गाजिएवा ने भारत-रूस संबंधों पर चर्चा करते हुए कहा कि जब जवाहरलाल नेहरू पहली बार रूस गए थे तब वहां के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया था। उन्होंने कहा कि रूस में राज कपूर और 'मेरा जूता है जापानी' गीत को विशेष रूप से पसंद किया जाता है। कहा कि वे वहां के बच्चों को हिंदी पढ़ाती हैं। विभाग के शिक्षक डा. दिव्यम ने कहा कि इस कार्यशाला से विश्वविद्यालय के छात्रों को भविष्य में कई नए अवसर प्राप्त होंगे। बताया कि बीआरएबीयू और रूसी स्टेट यूनिवर्सिटी फा ह्यूमैनिटीज मास्को के बीच एमओयू पर चर्चा हुई है।

**शिक्षा व रोजगार प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त होगा :** डा. सुषमा कुमारी ने कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को आगे की पढ़ाई के लिए रूस जाने और वहां रोजगार के अवसर प्राप्त करने का भी मार्ग प्रशस्त होगा। इंदिरा गाजिएवा ने रूसी भाषा में एक कविता प्रस्तुत की जिसका हिंदी अनुवाद डा. उज्जवल आलोक ने किया। कार्यक्रम में श्रेया, जूही, प्रतिभा, मनतशा, अनामिका, सत्यम्, साकिब आदि छात्रों ने भी रूसी भाषा में कविताओं का पाठ किया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 30.01.2025, PAGE-04

# सर पे लाल टोपी रूसी...रूस के बच्चे-बच्चे को याद

- रूसी प्राध्यापकों ने बीआरएबीयू के छात्रों के साथ किया संवाद
- राज कपूर के फिल्मी गीत के जरिये भारत से जुड़ाव पर की चर्चा

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

सर पे लाल टोपी रूसी...रूस के बच्चे-बच्चे को याद है. यह प्रतिक्रिया थी रूसी प्राध्यापकों की. वे बीआरएबीयू के छात्रों के साथ संवाद कर रहे थे. राज कपूर के फिल्मी गीत के जरिये भारत से जुड़ाव पर उन्होंने बातें साझा कीं. बीआरएबीयू के रूसी भाषा विभाग में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला की शुरुआत हुई.

यह रूसी संस्कृति व भाषा पर केंद्रित है. पहले दिन विद्यार्थियों को रूस की भाषा, साहित्य व सांस्कृतिक पहलू बताये गये. रूस के रूसी स्टेट यूनिवर्सिटी फॉर ह्यूमैनिटीज, मॉस्को से आए प्रो इंदिरा गाजिएवा व प्रो अलेक्जेंडर स्टोयारोव ने विद्यार्थियों से संवाद किया. रूसी संस्कृति की विविधताएं बतायीं. विवि के हिंदी व रूसी भाषा विभाग के छात्र-छात्राओं ने इसमें हिस्सा लिया.



रूसी भाषा विभाग में कार्यशाला में पहुंचे रूस के प्रोफेसर.

## हिंदी-रूसी भाई-भाई के नारों संग शुरुआत

हिंदी-रूसी भाई-भाई के नारों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई. रूसी भाषा विभाग के डॉ दिव्यम ने कहा कि इस कार्यशाला से विश्वविद्यालय के छात्रों को भविष्य में कई नए अवसर प्राप्त होंगे. बीआरए बिहार विश्वविद्यालय और रूसी स्टेट यूनिवर्सिटी फॉर ह्यूमैनिटीज, मॉस्को के बीच एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर चर्चा की गयी. जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा. भविष्य में कई संयुक्त कार्यक्रमों के आयोजन पर भी सहमति बनी. डॉ सुषमा ने कहा कि कार्यक्रम से छात्रों को आगे की पढ़ाई के लिए रूस जाने और वहां रोजगार के अवसर प्राप्त करने का भी मार्ग प्रशस्त होगा.

- खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें.

## राज कपूर लोकप्रिय गाने ने दी पहचान

प्रो इंदिरा ने भारत-रूस संबंधों पर चर्चा की. बताया कि जब प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पहली बार रूस गए थे, तब वहां के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया. रूस में राज कपूर और रमेश जूता है जापानी को विशेष रूप से पसंद किया जाता है. कहा- वे रूसी बच्चों को हिंदी भाषा पढ़ाती है. उन्होंने रूसी भाषा में एक कविता भी सुनायी. इसका हिंदी अनुवाद डॉ उज्ज्वल आलोक ने किया. कार्यक्रम में श्रेया, जूही, प्रतिभा, मनतशा, अनामिका, सत्यम, साकिब आदि छात्रों ने भी रूसी कविताओं का पाठ किया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं.